# MID TERM EXAMINATIONS (2018 – 19)

## Second Language - HINDI

## PART - A & B

**Class : IX** (Max. Marks : 80) **Time : 2.45 Mts.**

**Time : 2 hrs.** **PART - A** **Max. Marks : 60**

**सूचनाएँ :** 1) प्रश्न पत्र पढ़ने केलिए 15 मिनट का समय निर्धारित है ।
2) भाग - A के प्रश्नों के जवाब उत्तर पुस्तिका में ही लिखिए ।
3) भाग - A के लिए दो घंटों का समय निर्धारित है ।

**I. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।**
**प्रत्येक उप भाग (1, 2, 3, 4) के लिए पाँच-पाँच (5) अंक निर्धारित हैं ।**

**1. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिए गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए ।**

**5 × 1 = 5 M**

फुटबाल सचाई का खेल है । यह प्रेम का खेल है । इस में जो वैरभाव रखें, वह खिलाडी ही नहीं । दो पक्ष हैं, एक जीतेगा और दूसरा हारेगा । इस में नाराजगी या वैर-भाव की क्या बात ? इस बार हारोगे तो अगली बार जीतोगे । जीतने की कोशिश करो । विपक्षी अगर जीतता है तो उसके खेल को समझो और उनकी सराहना करो ।

**प्रश्नः**

1. सचाई व प्रेम का खेल (उपयुक्त गद्यांश के अनुसार) क्या है ?
2. इस खेल में कुल कितने पक्ष होते हैं ?
3. इस खेल में कौन सा भाव नहीं होना चाहिए ?
4. हमारी कोशिश क्या होना चाहिए ?
5. 'हार' शब्द का विलोम शब्द क्या है ?

**2. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों से चुनकर "उत्तर पुस्तिका" में लिखिए ।** **5 × 1 = 5**

राजा कृष्णदेवराय के महल में एक विशाल उद्यान था । वहाँ विभिन्न प्रकार के सुंदर फूल लगे थे । एक बार एक विदेशी ने उन्हें एक गुलाब का पौधा उपहार में दिया था । बगीचे के सभी पौधों में से राजा को वह पौधा अत्यंत प्रिय लगा ।

प्रश्न :

1. सुंदर फूल विभिन्न प्रकार के, कहाँ हैं ? ( )
   A) शहर में B) जंगल में
   C) किले में D) उद्यान में
2. गुलाब का पौधा किसने दिया ? ( )
   A) विदेशी ने B) स्वदेशी ने
   C) कृष्णदेवराय ने D) चोर ने
3. राजा को क्या पसंद आया ? ( )
   A) गुलाब के फूल B) गुलाब का पौधा
   C) कमल D) महल
4. उद्यान कहाँ पर है ? ( )
   A) महल में B) वन में
   C) गुलाब में D) विदेश में
5. ''उपहार'' शब्द का अर्थ यह है - ( )
   A) फूलों का हार B) हार जाना C) हरा भरा D) भेंट

**3. निम्न लिखित पद्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के जवाब एक वाक्य में दीजिए ।**
$5 \times 1 = 5$

पर्वत कहता है शीशउठाकर,
तुम भी ऊँचे बन जाओ ।
सागर कहता हैं लहरा कर
मन में गहराई लाओ ।
समझ रहे हो क्या कहती है,
उठ-उठ गिर कर तरल तरंग
भर लो भर लो अपने मन में
मीठे मीठे मृदुल उमंग

प्रश्न :

1. उठ उठ कर गिरने वाला कौन है ?
2. पर्वत हम से क्या कहता है ?
3. सागर से हमें क्या सीख मिलती है ?
4. तरंगे से हम क्या सीखते हैं ?
5. इस कवितांश में कौन अपने शीश उठाकर खडे हैं ?

**4. निम्न लिखित कवितांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों से चुनकर "उत्तर पुस्तिका" में लिखिए ।** **5 × 1 = 5**

मुझ को तो पुस्तक तुम सच्ची अपनी नानी । दादी लगती हो ।
ये दोनों तो अलग शहर में, पर तुम तो घर में ही रहती ।।
जैसे नानी जादू की कोई लंबी एक कहानी कहती ।
मेरी पुस्तक भी तो वैसी ढेरों रोज कहानी कहती ।।

प्रश्न :

1. कवि को पुस्तक किसके जैसे लगी ? ( )
   A) नाना नानी B) दादा दादी C) नानी दादी D) मामी चाची
2. घर में ही रहने वाली इस कविता में कौन है ? ( )
   A) नानी B) चाची C) पुस्तक D) कहानी
3. नानी कैसी कहानी सुनाती थी ? ( )
   A) जादूई B) भयानक C) छोटी सी D) शहरों की
4. रोज ढेर सारी कहानियाँ कौन कहती हैं ? ( )
   A) माँ B) नानी C) दादी D) पुस्तक
5. पुस्तक शब्द का हिन्दी में समानार्थी शब्द क्या है ? ( )
   A) किताब B) कलम C) स्याही D) पतक

**II. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए ।** $6 \times 3 = 18$

5. "जिस देश में गंगा बहती है" कविता के कवि के बारे में लिखिए ।
6. पृथ्वी और नभ हमें क्या सिखाते हैं ?
7. राजा की अस्वस्थता कैसे दूर हो गयी ?
8. संयुक्त राष्ट्र संघ में युगरत्न ने कौन से प्रश्न किये ?
9. ईशान कैसा लड़का है ?
10. निकुंभ सर के विचारों पर प्रकाश डालिए ।

**III. किसी एक प्रश्न का उत्तर छः या आठ वाक्यों में लिखिए ।** $1 \times 6 = 6$

11. अपने गीत में शैलेंद्र कुमार ने भारतीयों के बारे में क्या बताया है ?
12. प्रकृति से मानव क्या क्या सीखता है ?

**IV. किसी एक प्रश्न का उत्तर छः या आठ वाक्यों में लिखिए ।** $1 \times 6 = 6$

13. "मेहनत करने वालों की सेवा करना हमारा कर्तव्य है ।"

    'गाने वाली चिड़िया' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।
14. पर्यावरण के संतुलन के बारे में श्रीवास्तव ने अपने क्या विचार बताया ?

**V. किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए ।** $1 \times 5 = 5$

15. विहार यात्रा जाने के लिए आवश्यक पैसे माँगते हुए अपने पिताजी को पत्र लिखिए ।
16. अपने जन्म दिन के उपलक्ष्य में मित्र को शुभकामनाएँ बताते हुए पत्र लिखिए ।

**VI. किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए ।** $1 \times 6 = 6$

17. वृक्षारोपण के महत्व या जरूरी के बारे में अपने शब्दों में लिखिए ।
18. अपने प्रिय त्योहार के बारे में अपने शब्दों में लिखिए ।

# MID TERM EXAMINATIONS (2018-19)

## Second Language - HINDI

## PART - B

Class : IX (Max. Marks : 20)

| शैक्षिक मापदंड | अर्थग्राह्यता - प्रतिक्रिया | अभिव्यक्ति - सृजनात्मकता | | भाषा की बात | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| | | अभिव्यक्ति | सृजनात्मकता | | |
| कुल अंक | 20 | 30 | 10 | 20 | 80 |
| प्राप्त अंक | | | | | |
| श्रेणी | | | | | |

Name of the student : .................................................... Roll No : ................

सूचनाएँ : 1. भाग 'B' के प्रश्नों के जवाब प्रश्न पत्र में ही कोष्टकों में लिखें।

2. भाग 'B' के लिए (1/2) घंटे का समय निर्धारित है।

विशेष सूचना :

1. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
2. 1 से 20 तक उचति उत्तर का "कैपिटल लेटर" चुनकर कोष्टक में लिखें।
3. काटे या बदले हुए उत्तरों को अंक नहीं दिये जाएँगे।

1. धरती शब्द का समानार्थी शब्द पहचानिए। ( )

   A) भूमि B) घर C) नभ D) वायु

2. लोगों को राजा की 'अस्वस्थता' के बारे में पता चला। ( )

   (रेखांकित शब्द का विलोम शब्द पहचानिए।)

   A) स्वस्थता B) निस्वस्त C) अस्तित्व D) असत्य

3. मैं ने आपकी आंखों में <u>आंसु</u> देखे। ( )

   (रेखांकित शब्द का तत्सम रूप चुनिए।)

   A) आश्चर्य B) आसमान C) अश्रु D) अक्षु

4. <u>आदरणीय</u> नेता गण !! (रेखांकित शब्द में प्रत्यय क्या है?) ( )

   A) य B) ईय C) आ D) आद

P.T.O

5. राष्ट्र की <u>सुरक्षा</u> जरुरी मुद्दा है। ( )
(रेखांकित शब्द में उपसर्ग पहचानिए।)
A) क्षा B) रक्षा C) सुर D) सु

6. <u>महात्मा</u> गाँधी जी ने ऐसा कहा। ( )
(रेखांकित शब्द किन दो शब्दों से बना है ?)
A) महान + आत्मा B) महू + आत्मा
C) मही + आत्मा D) महा + आत्मा

7. लास्या के <u>माता-पिता</u> शहर गये थे। ( )
(रेखांकित शब्द का समास क्या है ?)
A) द्विगु समास B) द्वंद्व समास
C) कर्मधारया समास D) अव्ययीभाव समास

8. '1856' अक्षरों में पहचानिए। ( )
A) अठारह हजार छप्पन B) अठारह लाख छप्पन
C) अठारह सौ छप्पन D) अठारह सौ पचपन

9. लेख्या अपनी सहेली के साथ आ रही थी। ( )
(इस वाक्य में प्रयुक्त संज्ञा शब्द विकल्पों में से पहचानिए।)
A) अपनी B) लेख्या C) के साथ D) आ रही थी

10. वह ईदुमूडी गाँव का वासी है। (वाक्य में सर्वनाम शब्द क्या है ?) ( )
A) ईदमूडी B) गाँव C) वासी D) वह

11. गुलाब के फूल खुशबूदार होते हैं। (विशेषण शब्द पहचानिए।) ( )
A) गुलाब B) फूल C) खुशबूदार D) होते हैं।

12. सफेद घोडे तेज दौड रहे हैं। (क्रिया विशेषण शब्द पहचानिए।) ( )
A) सफेद B) तेज C) दौड D) घोडे

13. आशा आज ज्योती के घर गयी है । (क्रिया को पहचानिए । ) ( )

A) आशा B) ज्योती C) घर D) गयी है

14. चिडिया ने राजा को संगीत सुनाया । ( )

(रेखांकित शब्द का लिंग परिवर्तित रूप है)

A) रंक B) मंत्री C) रानी D) सैनिक

15. लीला के घर में एक लडकी आयी ।

(रेखांकित शब्द का बहुवचन रूप पहचानिए ।) ( )

A) लडके B) लडकियों C) लडाकि D) लडकियाँ

16. मुन्नी इस पाठशाला ..........काम करती है । ( )

(सहीकारक चिह्न चुनकर वाक्य पूरा करें)

A) ने B) को C) में D) हे

17. शुद्ध रूप पहचानिए । ( )

A) तुम रोज पाठशाला जाएँगे । B) तुम रोज पाठशाला जाओ ।

C) तुम रोज पाठशाला जाऊँगा D) तुम रोज पाठशाला जाता है ।

18. सही क्रमवाला वाक्य पहचानिए । ( )

A) नीलिमा रोज ओंगोल आती है । B) रोज है नीलिमा ओंगोल आति ।

C) ओंगोल है आती रोज नीलिमा । D) है ओंगेल नीलिमा आती रोज ।

19. 'अनामिका' एक अच्छी लडकी है । (काल पहचानिए) । ( )

A) हेतु हेतु मद् भूतकाल B) भूतकाल

C) वर्तमान काल D) भविष्यत् काल

20. मेहमान हमारे लिए जान से प्यारा होते हैं । (मुहावरे का अर्थ पहचानिए ।) ( )

A) बहुत रोना B) बहुत खुश होना

C) जान खोना D) बहुत प्रिय होना